भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 110**

02 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आंध्र प्रदेश में आयुष अस्पताल और औषधालय**

110. श्री कुरुवा गोरांतला माधव:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में कार्यशील आयुष अस्पतालों और औषधालयों की आंध्र प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश में कोई एकीकृत आयुष अस्पताल स्थापित करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा आयुष की स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाओं को मुख्यधारा स्वास्थ्य परिचर्या व्यवस्था के साथ संबद्ध करने के लिए क्या कदम उठाये गए हैं/उठाने का विचार है?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क): आन्ध्र प्रदेश सहित देश भर में कार्यशील आयुष अस्पतालों और औषधालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या **संलग्नक-I** पर दी गई है।

(ख) और (ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना आन्ध्र प्रदेश सहित संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। तथापि, एनएएम के तहत, 50/30/10 बिस्तर वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। इस संबंध में एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। एसएएपी के माध्यम से आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, मंत्रालय ने एकीकृत आयुष अस्पतालों की दो इकाइयाँ अनुमोदित की हैं जिनमें काकीनाडा और विशाखापत्तनम प्रत्येक में एक इकाई है।

(घ): भारत सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना की कार्यनीति अपनाई है ताकि रोगियों को एक ही जगह पर विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के विकल्प मिल सकें। आयुष डॉक्टरों/पैरामेडिक्स की नियुक्ति और उनके प्रशिक्षण के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सहयोग दिया जाता है, जबकि आयुष अवसंरचना, उपकरण/फर्नीचर और दवाओं के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा एनएएम के तहत साझा जिम्मेदारियों के रूप में समर्थन प्रदान किया जाता है।

*****

# 01.04.2022 तक आयुष अस्पतालों की राज्य-वार/पद्धति-वार संख्या

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आयुर्वेद | यूनानी | सिद्ध | योग | प्राकृतिक चिकित्सा | होम्योपैथी | सोवा-रिग्पा | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| **क. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | | | | | | | | | |
| **1** | **आंध्र प्रदेश** | **3** | **2** | **0** | **0** | **0** | **3** | **0** | **8** |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **11** |
| 3 | असम | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | **4** |
| 4 | बिहार | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | **8** |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 11 | 1 | 0 | 1 | 0 | 3 | 0 | **16** |
| 6 | दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | **6** |
| 7 | गोवा | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **2** |
| 8 | गुजरात | 39 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **40** |
| 9 | हरियाणा | 15 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **17** |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 33 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | **34** |
| 11 | जम्मू-कश्मीर | 4 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **10** |
| 12 | झारखंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **1** |
| 13 | कर्नाटक | 195 | 25 | 0 | 0 | 18 | 36 | 0 | **274** |
| 14 | केरल | 129 | 0 | 1 | 0 | 1 | 34 | 0 | **165** |
| 15 | मध्य प्रदेश | 41 | 4 | 0 | 0 | 6 | 26 | 0 | **77** |
| 16 | महाराष्ट्र | 84 | 7 | 0 | 0 | 0 | 58 | 0 | **149** |
| 17 | मणिपुर | 6 | 5 | 0 | 5 | 0 | 9 | 0 | **25** |
| 18 | मेघालय | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 | **12** |
| 19 | मिजोरम | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 | **10** |
| 20 | नागालैंड | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 2 | 0 | **6** |
| 21 | ओडिशा | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | **9** |
| 22 | पंजाब | 21 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | **25** |
| 23 | राजस्थान | 118 | 11 | 0 | 1 | 2 | 6 | 0 | **138** |
| 24 | सिक्किम | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 1 | **6** |
| 25 | तमिलनाडु | 2 | 1 | 289 | 2 | 0 | 1 | 0 | **295** |
| 26 | त्रिपुरा | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 3 | 0 | **7** |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 1788 | 183 | 0 | 0 | 0 | 11 | 0 | **1982** |
| 28 | उत्तराखंड | 430 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **433** |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 6 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12 | 1 | **20** |
| 30 | अंदमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | **3** |
| 31 | चंडीगढ़ | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **2** |
| 32 | दादरा और नागर हवेली व दमण और दीव | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | **4** |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** |
| 34 | लक्षद्वीप | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **2** |
| 35 | पुडुचेरी | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 36 | तेलंगाना | 4 | 3 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | **11** |
| | **कुल (क)** | **2972** | **257** | **290** | **14** | **29** | **249** | **2** | **3813** |
| **ख. सीजीएचएस और केंद्रीय सरकार संगठन** | | 20 | 8 | 6 | 1 | 4 | 6 | 1 | 46 |
| **कुल(क+ख)** | | **2992** | **265** | **296** | **15** | **33** | **255** | **3** | **3859** |

**स्रोत:** राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र और संबंधित एजेंसियां।

**01.04.2022 तक आयुष औषधालयों की राज्य-वार/पद्धति-वार संख्या**

| **क.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **आयुर्वेद** | **यूनानी** | **सिद्ध** | **योग** | **प्राकृतिक चिकित्सा** | **होम्योपैथी** | **सोवा-रिग्पा** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** | **(5)** | **(6)** | **(7)** | **(8)** | **(9)** | **(10)** |
| **क. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | | | | | | | | | |
| **1** | **आंध्र प्रदेश** | **373** | **92** | **0** | **0** | **25** | **245** | **0** | **735** |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 38 | 1 | 0 | 0 | 0 | 133 | 2 | **174** |
| 3 | असम | 524 | 0 | 0 | 0 | 0 | 87 | 0 | **611** |
| 4 | बिहार | 799 | 333 | 0 | 0 | 0 | 458 | 0 | **1590** |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 956 | 26 | 0 | 0 | 0 | 112 | 0 | **1094** |
| 6 | दिल्ली | 49 | 22 | 0 | 0 | 0 | 109 | 0 | **180** |
| 7 | गोवा | 140 | 0 | 0 | 0 | 0 | 67 | 0 | **207** |
| 8 | गुजरात | 579 | 0 | 0 | 0 | 0 | 273 | 0 | **852** |
| 9 | हरियाणा | 625 | 23 | 0 | 18 | 0 | 164 | 0 | **830** |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 1185 | 3 | 0 | 0 | 0 | 14 | 4 | **1206** |
| 11 | जम्मू-कश्मीर | 311 | 267 | 0 | 0 | 0 | 16 | 0 | **594** |
| 12 | झारखंड | 305 | 115 | 0 | 1 | 0 | 213 | 0 | **634** |
| 13 | कर्नाटक | 7432 | 89 | 1 | 0 | 22 | 97 | 0 | **7641** |
| 14 | केरल | 1041 | 16 | 34 | 0 | 1 | 1078 | 0 | **2170** |
| 15 | मध्य प्रदेश | 1496 | 64 | 0 | 0 | 0 | 213 | 0 | **1773** |
| 16 | महाराष्ट्र | 462 | 24 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **486** |
| 17 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **1** |
| 18 | मेघालय | 39 | 0 | 0 | 2 | 0 | 54 | 0 | **95** |
| 19 | मिजोरम | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 20 | 0 | **21** |
| 20 | नगालैंड | 10 | 0 | 0 | 2 | 0 | 34 | 0 | **46** |
| 21 | ओडिशा | 620 | 9 | 0 | 0 | 0 | 562 | 0 | **1191** |
| 22 | पंजाब | 672 | 34 | 0 | 1 | 0 | 225 | 0 | **932** |
| 23 | राजस्थान | 3582 | 262 | 0 | 0 | 3 | 249 | 0 | **4096** |
| 24 | सिक्किम | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 0 | **11** |
| 25 | तमिलनाडु | 101 | 65 | 790 | 174 | 0 | 108 | 0 | **1238** |
| 26 | त्रिपुरा | 37 | 0 | 0 | 0 | 0 | 73 | 0 | **110** |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 2112 | 73 | 0 | 0 | 0 | 1576 | 0 | **3761** |
| 28 | उत्तराखंड | 412 | 2 | 0 | 0 | 0 | 148 | 0 | **562** |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | पश्चिम बंगाल | 545 | 6 | 0 | 12 | 0 | 2105 | 0 | **2668** |
| 30 | अंदमान और निकोबार द्वीप | 13 | 0 | 0 | 6 | 0 | 18 | 0 | **37** |
| 31 | चंडीगढ़ | 14 | 2 | 0 | 0 | 0 | 17 | 0 | **33** |
| 32 | दादरा और नागर हवेली व दमण और दीव | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 0 | **20** |
| 33 | लद्दाख | 3 | 9 | 0 | 0 | 0 | 1 | 34 | **47** |
| 34 | लक्षद्वीप | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 9 | 0 | **18** |
| 35 | पुडुचेरी | 28 | 0 | 26 | 4 | 0 | 17 | 0 | **75** |
| 36 | तेलंगाना | 423 | 184 | 0 | 0 | 28 | 199 | 0 | **834** |
| | **कुल (क)** | **24947** | **1721** | **851** | **220** | **79** | **8715** | **40** | **36573** |
| | **ख. सीजीएचएस और केंद्रीय सरकार संगठन** | 333 | 41 | 62 | 55 | 5 | 316 | 0 | 812 |
| **कुल (क+ख)** | | **25280** | **1762** | **913** | **275** | **84** | **9031** | **40** | **37385** |

**स्रोत:** राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र और संबंधित एजेंसियां।